हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 16 मार्च 2026



04 डिजिटल वोटिंग सिस्टम सीखने कलेक्टर हुए दक्षिण...





07 युवाओं में टीम भावना और आत्मविश्वास को मजबूत...






### सरपंच चुनाव में आमने-सामने रह चुके हैं दोनों परिवार

# पुरानी रंजिश के चलते देर रात पत्थर से कुचलकर पिता की हत्या, बेटा गंभीर, भोपाल रेफर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शादी में विवाद के बाद 5 लोगों ने मिलकर बाप-बेटे पर हमला कर दिया। आरोपियों ने साइकिल की चेन से पिटाई की। पत्थर से कुचलकर पिता की हत्या कर दी, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बम्होरी तिगड्डा का है।

जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान बाग खैजरा निवासी प्रदीप पांडेय (40) के रूप में की गई है, जबकि घायल बेटे का नाम रचित पांडेय (21) है। रचित को सागर अस्पताल से गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरे घाव हैं।



प्रदीप पांडेय, मृतक

### शादी के दौरान विवाद, लेकिन लोगों ने शांत कराया

मृतक के भाई रामअवतार उर्फ बब्लू पांडेय ने बताया कि वे हाईवे से सटे ग्राम बाग खेजरा में शादी में शामिल होने गए थे। समारोह में आरोपी अनिल पांडेय भी मौजूद था। वहीं पुरानी रंजिश को लेकर अनिल पांडेय ने विवाद शुरू कर दिया, जो धीरे-धीरे झूमाझटकी में बदल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने शांत कराया।

### घटना स्थल पर अभी भी बड़े-बड़े पत्थर पड़े हैं

रामअवतार के अनुसार, विवाद शांत होने के बाद शनिवार रात 12 बजे भाई प्रदीप पांडेय अपने बेटे रचित पांडेय के साथ बम्होरी तिगड्डा की ओर जा रहे थे। रास्ते में अनिल पांडेय ने अपने साथियों के साथ मिलकर रोक लिया। प्रदीप और रचित पर हमला कर दिया। घटना स्थल पर अभी भी बड़े-बड़े पत्थर पड़े हुए हैं।

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान प्रदीप पांडेय की मौत हो गई, जबकि रचित पांडेय की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रदीप के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं।

सिविल लाइन थाना प्रभारी आनंद सिंह ने बताया कि प्रदीप पांडेय और अनिल पांडेय के बीच करीब 25 साल पुराना विवाद चला आ रहा है। दोनों परिवार पहले गांव के सरपंच पद के चुनाव में भी आमने-सामने रह चुके हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर अनिल पांडेय समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर की अपील : गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने रखें सकोरे

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिलेवासियों से अपील की है कि आप भी अपने घरों, प्रतिष्ठानों, दफ्तरों में पक्षियों के लिए सकोरे रखें, जिससे वे अपनी प्यास बुझा सकें। ग्रीष्म ऋतु में पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते हैं। इसे देखते हुए कलेक्टर ने मिट्टी के सकोरे रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम आते ही तपन बढ़ जाती है और अधिकांश नदी-नाले भी सूख जाते हैं। इस स्थिति में बेजुबान पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते हैं। इसे देखते हुए कलेक्टर के द्वारा मिट्टी के सकोरे सभी कार्यालयों में रखने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से घरों, प्रतिष्ठानों एवं वृक्षों पर भी सकोरे लगाने की अपील की है। लोग मिट्टी के पात्र में प्रतिदिन पानी भरें, जिससे पक्षियों की भी प्यास बुझेगी और उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए जिले की सामाजिक संस्थाएं भी कार्य कर रही हैं। वृक्षों पर यह मिट्टी के पात्र यानी सकोरे लगाए गए हैं। कलेक्टर ने सभी से सहयोग की अपेक्षा की है। साथ ही लोगों से यह अपील भी की है कि आप सभी अपने घरों की छत पर या घर के आसपास लगे वृक्षों पर मिट्टी के सकोरे जरूर लगाएं और उसमें प्रतिदिन पानी भरते रहें।

### जिले के 22 समूहों की 57 कंपोजिट मदिरा दुकानों का ई-टेंडर आमंत्रित

**सागर ।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला सागर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य (आबकारी) अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए जिले की कंपोजिट मदिरा दुकानों के संचालन हेतु ई-टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर के निर्देशानुसार जिले में संचालित 22 समूहों में शामिल कुल 57 कंपोजिट मदिरा दुकानों का निष्पादन ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन प्रणाली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय सागर में किया जाएगा। आबकारी विभाग के अनुसार इन दुकानों का कुल आरक्षित मूल्य लगभग 381 करोड़ 25 लाख 98 हजार 038 रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक आवेदक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ई-टेंडर प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडर (ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन) की प्रक्रिया 16 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी। ऑनलाइन टेंडर दस्तावेज डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की अंतिम तिथि 17 मार्च 2026 को दोपहर 4 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके पश्चात 17 मार्च 2026 को सायं 4 बजकर आवेदन पत्र खोले जाएंगे। ई-टेंडर कम ऑक्शन की प्रक्रिया 17 मार्च 2026 को सायं 5 बजकर 30 मिनट से प्रारंभ होकर सायं 6 बजकर 50 मिनट तक प्रक्रिया संचालित की जाएगी। संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 17 मार्च 2026 को सायं 6 बजे तक ई-टेंडर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। जिले के जिन प्रमुख समूहों की मदिरा दुकानों के लिए ई-टेंडर आमंत्रित किए गए हैं उनमें रहली, बीना, मधुकरशाह वार्ड, राहतगढ़, गढ़ाकोटा, सिविल लाइन, खुरई, गढ़ाकोटा, बीना इटावा, गुजराती बाजार, जैसिनगर, कर्रापुर, कटरा, चांदपुर, शाहपुर, स्टेशन रोड, बरौदियाकला, जमुनिया, मालथौन, बंडा, खिमलासा और परसोरिया सहित कुल 22 समूह शामिल हैं।



### गवेषणा संवाद : विभिन्नक्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए महिलाओं का सम्मान

**सागर।** मानवोत्थान,पर्यावरण तथा स्वास्थ्य जागरूकतासमिति 'गवेषणा' के बैनर तले अंधविश्वास बनाम तर्कशीलताः भारतीय व अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में विषयक सम्वाद के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए चुनिन्दा महिलाओं का सम्मान किया गया। संवाद आयोजन के प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में तर्कशील समिति कनाडा एवं भारत के डॉ. बलविंदर बरनाला और उनके सहयोगी ने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं से विषय केन्द्रित विस्तृत सम्वाद स्थापित किया। अनेकव्याप्त अंधविश्वासों को अपने तर्कों और अनुभवों से खंडित किया। श्रोताओं से प्रश्न आमंत्रित कर उनके समाधान करने के प्रयास किये। विषय प्रवर्तन डॉ. राजेश गौतम और डॉ. सुनील साहू ने किया । आयोजन के दूसरे चरण में सागर की विचार एवं सेवा क्षेत्र में अग्रणी आमंत्रित महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं को सम्मानित करने के कार्यक्रम का सञ्चालन कर रहे समिति अध्यक्ष डॉ. मनोहर लाल गोपीबाई चौरसिया ने समिति के नवाचार संकल्प को दोहराया कि समिति अपने आयोजनों में व्यक्तियों के साथ उनकी माताओं का स सम्मान नामोल्लेख करती आ रही है । संचालनक्रम में डॉ. मनोहर चौरसिया ने स्त्रैण गुणों की चर्चा करते हुए साफगोई से कहा कि जिस दिन महिलाएं अपने श्रम का हिसाब माँग लेंगी, उस दिन मानव इतिहास की सबसे बड़ी धोखाधड़ी पकड़ी जावेगी। उन्होंने महिला सम्मान के आयोजन की गरिमा को यह कह कर शिखर तक पहुँचाया कि पुरुष प्रधान समाज विभिन्न अवसरों पर महिलाओं की उपब्लाब्धियों को मात्र सम्मानित मात्र करके वास्तव में महिलाओं के सृजन सहित समग्र श्रम मूल्यांकनसे बचने की कोशिश करता है । गवेषणा परिवार की महिला सदस्य शोभा–देवकी बाई, डॉ.सरिता-रामदुलारी, अरुणा –सुशीला, विदुषा, और नन्ही बिटिया इति-अरुणा ने महिलाओं को सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न और स्नेह उपहार भेंट किये। इस अवसर पर प्रो चँदा सुहागरानी बेन, प्रॉक्टर, डॉ हरीसिंह गौर यूनिवर्सिटी। डॉ. निलय, सीमा सस्टेनबल पेकिंग के लिए। डॉ श्वेता मोहनी, सिद्धत्व फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष । डॉ रुचि, राधा देवी, संचालक सुरुचि रिहेब & फिजियो थैरेपीसेंटर । न्यूरो विशेषज्ञता के साथ फिजियोथेरपी में गोल्ड मेडलिस्ट । 8 वर्ष से सेवायें । लगभग 2000 मरीजों का सफल इलाज किया। 70 अल्प विकसित व मेंटली रिटार्टेड बच्चेआत्म निर्भर हुए । गीता, नत्थी देवी, केंद्रीय जेल सागर में शिक्षक व मोटिवेटर । गत 28 वर्ष से केंद्रीय जेल सागर में शिक्षक व मोटिवेटर ।

## पट्टाचार्य विशुद्ध सागर संघ के सानिध्य में पंच कल्याणक महोत्सव का आयोजन आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढाकोटा नगर के पटेरिया जी अतिशय क्षेत्र में परम पूज्य पट्टाचार्य आध्यात्मिक चर्या शिरोमणि विशुद्ध सागर महामुनिराज ससंघ के सानिध्य में पंचकल्याणक महा महोत्सव जिन विम्ब प्रतिष्ठा एवं गजरथ फेरी और विश्व शांति महायज्ञ का धर्म मय आयोजन 16 मार्च से 21 मार्च तक होने जा रहा है। प्रवक्ता विक्की जैन ने बताया कि पटेरिया जी प्रांगण में व्यापक तैयारियां चल रही है,आचार्य संघ कुण्डलपुर से आगे विहार कर रहे है । और मंगलवार कि प्रातः नगर के दमोह रोड़ से भव्य अगवानी की जायेगी। नगर में ध्वज एवं तोरण द्वार, रंगोली सजावट, पोस्टर से सजाया जा रहा है। आचार्य संघ की आहार शाला एवं पार्किंग व्यवस्था, मंच भूमि स्थल, ध्वज रोहण एवं वेदी भूमि शुद्धिकरण होगा।

विधायक गोपाल भार्गव भी प्रतिदिन तैयारियों की समीक्षा कर रहे है। अभिषेक भार्गव सहित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने व्यवस्थाओ का जायजा लेकर सदस्यों से चर्चा की। मुख्य संयोजक आशीष जैन ने बताया कि पञ्चकल्याणक दिगंबर जैन परंपरा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। जिसमें तीर्थंकर के जीवन की पांच प्रमुख घटनाओं का उत्सव मनाया जाता है।



### ये पांच कल्याणक हैं

गर्भ कल्याणक यह कल्याणक तीर्थंकर के माता के गर्भ में आने की घटना का उत्सव है। इस समय देवगण आकाशमार्ग से आकर माता की सेवा करते हैं और रत्नवृष्टि करते हैं। जन्म कल्याणक तीर्थंकर के जन्म के समय तीनों लोकों में आनंद छा जाता है। इंद्र स्वयं मेरु पर्वत पर ले जाकर जन्माभिषेक करते हैं। दीक्षा कल्याणक इस कल्याणक में तीर्थंकर सांसारिक मोह-माया का त्याग कर दिगंबर मुद्रा धारण करते हैं और आत्मध्यान में लीन होते हैं। ज्ञान कल्याणक कठोर तपस्या के बाद तीर्थंकर को केवलज्ञान की प्राप्ति होती है, जिससे वे सम्पूर्ण ब्रह्मांड के ज्ञाता बन जाते हैं। मोक्ष कल्याणक अंतिम कल्याणक में तीर्थंकर का निर्वाण होता है और वे सिद्ध परमात्मा बनकर अनंत सुख को प्राप्त करते हैं।

### खुरई माडल स्कूल में अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को

**सागर।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत खुरई विधानसभा क्षेत्र में सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 20 अप्रैल दिन सोमवार को अक्षय तृतीया पर्व पर आयोजित किया जाएगा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि खुरई शासकीय माडल उमा विद्यालय प्रांगण में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए सर्वसंबंधितों को निर्देशित किया है कि उक्त दिनांक एवं स्थान पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं तथा शीघ्र ही आवेदन प्रकिया आरंभ की जाए।





### सशक्त एवं जागरूक बन अपने अधिकारों के लिये जिद्दी उपभोक्ता बनें : मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत

**सागर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने अपने अधिकारों के लिये उपभोक्ताओं को जिद करना चाहिये। ठगी होने पर उपभोक्ताओं को उपभोक्ता न्यायालयों की मदद लेनी चाहिए और इस संबंध में दूसरों को भी जागरूक करना चाहिये। उन्होंने इस संबंध में एक घटना का उल्लेख करते हुए सागर के डॉक्टर हरिसिंह गौर को भी याद किया। राजपूत ने कहा कि मेरा आग्रह है कि हम सभी उपभोक्ता हैं तथा हम सभी का यह कर्तव्य है कि अनुचित व्यापार को रोकने में अपनी जागरूकता का परिचय दें एवं ठगे जाने से बचें। खाद्य मंत्री राजपूत ने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। खाद्य मंत्री राजपूत ने सभी को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खरीददारी करते समय बिल लेना, उत्पाद की गुणवत्ता और समाप्ति की तिथि अवश्य देखना, किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराना, यह सभी जागरूक उपभोक्ता को मजबूत बनाते हैं। उपभोक्ता कानून में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने का प्रावधान है। नापतौल में कमी मिलने पर कोई भी उपभोक्ता नापतौल कार्यालय एवं आयोग में शिकायत कर सकता है। खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि खाद्य पदार्थों के रूप में धीमा जहर देने वाले के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें, तभी इस दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। राजपूत ने कहा कि आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि एक सशक्त और जागरूक उपभोक्ता ही मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव होता है। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक नागरिक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है इसलिए उसके अधिकारों की रक्षा करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उपभोक्ताओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और उचित मूल्य पर वस्तुएं एवं सेवाएं उपलब्ध हो, यह हमारा दायित्व भी है और संकल्प भी है। उपभोक्ताओं के हित में भारत सरकार ने वर्ष 2019 में नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम बनाया। यह कानून उपभोक्ताओं के रक्षा की गारंटी देता है। इसमें 06 प्रकार के अधिकार चुनने का अधिकार, सूचित होने का अधिकार, उपभोक्ताओं की सुरक्षा का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, उपभोक्ता की समस्याओं के निराकरण का अधिकार और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार (जागरूक बने रहने का अधिकार) बताये गये हैं।



### पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक अजय सिंह राहुल भैया मंगलवार को सागर आएंगे

**सागर।** मध्य प्रदेश विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष रहे एवं चुरहट के विधायक अजय सिंह राहुल भैया मंगलवार 17 मार्च को सागर आ रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि उनका आगमन सुबह 10:30 बजे होगा एवं रात्रि विश्राम भी रहेगा । अजय सिंह राहुल भैया वरिष्ठ कांग्रेसजनों से मुलाकात करेंगे उनके घर भी जाएंगे एवं सभी कांग्रेसजनों से भी विशेष संयुक्त मुलाकात का उनका कार्यक्रम है । जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी उनका बुंदेली परंपरा के अनुसार स्वागत करेगी। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि अजय सिंह राहुल भैया के आने से निश्चित तौर पर कांग्रेस में भी मजबूती आएगी वह सभी के लिए बहुत ही सहज सरल और सुलभ हैं।



### ओपन माइक, पेंटिंग व पॉटरी वर्कशॉप में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा : प्रीति सिंह

**सागर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आपस सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिला ओपन माइक, पेंटिंग एवं पॉटरी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और विचारों को साझा किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एलआरसी की प्रदेश अध्यक्ष अनुश्री शैलेंद्र जैन रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन वापी शर्मा और सूचिता अग्रवाल द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन शेफाली जैन, रेशु सिंह और सुचेता दूबे ने किया। इस अवसर पर नीलम पिंपलपुरे, सुजाता मालेया, प्रतिभा तिवारी, डॉ. साधना मिश्रा सहित अन्य अतिथि भी उपस्थित रहे। ओपन माइक सत्र में गीत सलूजा, डॉ. निधि मिश्रा, अर्चना अग्रवाल, नीलम साहू, मोहिनी दूबे, अंकिता रंधेलिया, एकता खेमारिया, आरती सिंह, शेफाली जैन और कंचन अग्रवाल, अनुपम राजपूत, नेहा राजपूत, अलका नायक ने अपने विचार, अनुभव और कविताएँ प्रस्तुत कीं, जिन्हें उपस्थित महिलाओं ने खूब सराहा। इसके साथ ही रंग आर्ट इंस्टिट्यूट से अंशिता वर्मा द्वारा प्रतिभागियों को पेंटिंग वर्कशॉप के माध्यम से कला की बारीकियों की जानकारी दी गई। आपस सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रीति सिंह ने कहा महिलाओं को अपनी प्रतिभा और विचारों को व्यक्त करने के लिए मंच मिलना बेहद आवश्यक है। ऐसे आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें समाज में अपनी पहचान बनाने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन महिलाओं की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

### राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

# शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं समाज कल्याण को गति मिलती है : प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन वैलेडिक्टरी सत्र के साथ सम्पन्न हुआ। आज के पहले तकनीकी सत्र की शुरुआत के. के. मिश्रा, जिला समन्यवक, मध्य प्रदेश जन अभियान सागर के संबोधन से हुई। उन्होंने अपने वक्तव्य में सामाजिक रक्षा कार्यक्रमों के प्रसार और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में समाज कार्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों के लिए एक रोचक ब्रेन एक्सरसाइज भी कराई, जिससे उपस्थित विद्यार्थियों और प्रतिभागियों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।

इसके पश्चात सत्यजीत सिंह, सचिव, समन्वय मंडपम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हम किस प्रकार के समाज की कल्पना करते हैं और उस आदर्श समाज के निर्माण में समाज कार्य की क्या भूमिका हो सकती है।



कार्यक्रम के द्वितीय तकनीकी सत्र में वक्ता के रूप में डॉ. जया श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सदस्य उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में "पंच परिवर्तन" और सामाजिक समरसता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मध्य प्रदेश की विभिन्न कल्याणकारी योजनायों से भी सभी को परिचित कराया ।

इस अवसर पर डॉ. अतुल निझावन, राज्य सलाहकार, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या नैतिक मूल्यों के पतन का संकेत है।

कार्यशाला के अंतिम चरण में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण में समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत, प्रोफेसर कालीनाथ झा, सहायक प्राध्यापक शिबशंकर जेना, विशिष्ट अतिथिगण के के मिश्रा, अतुल निझावन एवं डॉ. जया श्रीवास्तव द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षकगण, शोधार्थी एवं अन्य छात्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं समाज कल्याण को गति मिलती है।

तीन दिनों तक चली इस कार्यशाला में सामाजिक समरसता, वृद्धों, महिलायों, किशोर, भिक्षा, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास से जुड़े विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा और संवाद हुआ, जिससे प्रतिभागियों को नए दृष्टिकोण और व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई।इस कार्यशाला का द्वितीय चरण 16 मार्च से 18 मार्च तक टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर में संपन्न होगा ।

### ग्रामीणों के कहे अनुसार कच्चे मकान को पक्का बताकर किया अपात्र, मालपीथा में आवास पर बवाल

# आरोप: पक्षपातपूर्ण जांच के चलते पात्र हितग्राही हुए आवास योजना से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी आवास योजना का जिले की ग्राम पंचायतों में क्या हश्र हो रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण जतारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपीथा में तब सामने आया जब गांव की व्यक्तिगत राजनीति और आपसी रंजिश के चलते जनपद स्तर की जांच में ग्रामीणों के कहे अनुसार पात्र हितग्राहियों को अपात्र घोषित कर उन्हें आवास योजना से वंचित कर दिया गया। उक्त अपात्र सूची में बाकायदा यह लिखा भी गया कि ग्रामीणों के बताये अनुसार पात्र अपात्र किया गया है। जबकि हकीकत में जिन हितग्राहियों को ग्रामसभा द्वारा पात्र दिखाया गया है उनके कच्चे मकान हैं लेकिन जनपद अधिकारियों ने उन कच्चे मकानों को पक्का बताकर अपात्र सूची में डाल दिया। हालांकि मीडिया में मामला आने पर अब अधिकारियों का कहना है कि उक्त मामले में कार्यवाही की जाएगी और पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ दिलाया जाएगा।




## 4 साल पुरानी कागजी जांच पर सवाल

उक्त मामले में जतारा जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ आवास प्रभारी नीरेन्द्र राजपूत का कहना है कि लगभग चार वर्ष पूर्व विवाद होने पर ग्राम पंचायत मालपीथा की जनपद स्तर पर जांच की गई थी और उसी दौरान ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के आधार पर संबंधित लोगों को आपात्र घोषित किया गया था। उनका तर्क है कि अब उन्हें दोबारा पात्र कैसे घोषित किया जा सकता है। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उस समय मौके पर जाकर वास्तविक जांच ही नहीं की गई, बल्कि कुछ लोगों से पूछताछ कर उनके बताए अनुसार नाम काट दिए गए। इससे यह भी आशंका जताई जा रही है कि स्थानीय स्तर की राजनीति के प्रभाव में कई गरीब परिवारों को योजना से बाहर कर दिया गया।

## पीड़ितों ने बताया पक्षपातपूर्ण जांच का अन्याय

जिले की जनपद पंचायत जतारा अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपीथा में प्रधानमंत्री आवास प्लस 2018 की सूची को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जनपद जतारा में पदस्थ आवास प्रभारी नीरेंद्र राजपूत द्वारा पात्र हितग्राहियों को आपात्र घोषित कर दिया गया, जिससे कई गरीब परिवार सरकारी योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों के बताये अनुसार जिन परिवारों के पास रहने के लिए पक्का मकान तक नहीं है और जिनके नाम पर जमीन भी दर्ज नहीं है, उन्हें भी सूची में अपात्र कर दिया गया। इससे गांव में भारी नाराजगी का माहौल है और लोग इसे गरीबों के साथ अन्याय बता रहे हैं।


(1) ग्राम पंचायत का नाम मालपीथा
(2) सम्मिलन की तारीख 25/01/2026
(3) सम्मिलन का स्थान गांधी चबूतरा बिहारीपुरा
ग्राम सभा की कार्यवाही रजिस्टर
प्रारूप 3 (नियम 7 देखिए)
कार्यवृत्त पुस्तक
(4) सम्मिलन का समय [illegible]
(5) उपस्थित सदस्यों की संख्या 47

| सम्मिलन के समक्ष रखे गये विषय | सम्मिलन के कार्यवृत्त |
|---|---|
| 1 | 2 |
| प्रधानमंत्री आवास [illegible] | [illegible] |

सत्य प्रतिलिपि
सचिव ग्राम पंचायत मालपीथा जनपद पंचायत जतारा जिला- टीकमगढ़ (म.प्र.)
(मोहिनी मिश्रा) सरपंच ग्राम पंचायत मालपीथा ज.पं.जतारा, जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)

### ग्राम सभा के अधिकार पर भी सवाल

शासन के नियमों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र और अपात्र का अंतिम निर्णय संबंधित पंचायत की ग्राम सभा द्वारा किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा में इन सभी हितग्राहियों को विधिवत पात्र घोषित किया गया था, लेकिन इसके बावजूद आवास प्रभारी द्वारा उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा। इसके बाद 25 जनवरी 2026 को पुनः ग्राम सभा आयोजित करके ग्राम बिहारीपुरा के लोगो को पात्र बताकर जनपद जतारा में प्रस्ताव भेजा गया लेकिन फिर भी आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा।

### ग्रामीणों में आक्रोश, निष्पक्ष जांच की मांग

उक्त पूरे मामले को लेकर मालपीथा पंचायत निवासी राजदीप, उदयसिंह, बंटी राजा, भानुप्रताप, कृष्णपाल, रघुराज, पेटीराजा, पूरन राजा, चंद्रपाल, सुरेन्द्र सिँह, विजय सिँह आदि ने बताया कि जतारा जनपद अधिकारी कर्मचारियों की पक्षपातपूर्ण कार्यवाही के चलते ग्रामीणो में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पात्र हितग्राहियों को तुरंत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब मालपीथा पंचायत की ग्राम सभा ने हितग्राहियों को पात्र घोषित कर दिया था, तो उन्हें आपात्र किस आधार पर किया गया? और क्या प्रशासन इस मामले में जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करेगा?

### इनका कहना है...

मुझे इस मामले से संबंधित दस्तावेज भेजिए। मैं स्वयं इस मामले को दिखवाकर नियमानुसार कार्यवाही करूंगा।

**मनीष शेंदे, प्रभारी सीईओ, जनपद जतारा**

मालपीथा पंचायत में 4 वर्ष पूर्व आवास योजना को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद मांग करने पर जनपद स्तर से जांच हुई थी। जिसमें मौके पर जाकर ग्रामीणों से पूछकर पात्र अपात्र किये गये थे। जिस पर हमारे हस्ताक्षर भी है। अब ग्रामसभा ने पुनः प्रस्ताव दिया है तो पुनः जांच के लिए आवेदन देने पर ही पात्र किया जा सकेगा।

**नीरेन्द्र राजपूत, आवास प्रभारी, जनपद जतारा**

# डिजिटल वोटिंग सिस्टम सीखने कलेक्टर हुए दक्षिण कोरिया रवाना

### जिले के लिए गौरव का क्षण, प्रदेश से चयनित 4 अधिकारियो में शामिल टीकमगढ़ कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के लिए गर्व और सम्मान की बात है कि जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय का चयन दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाले विशेष अंतरराष्ट्रीय निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रदेश भर से चयनित 4 अधिकारियो में शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के चुनिंदा प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल किया गया है, जिनमें मध्यप्रदेश से चार अधिकारी इस अध्ययन दौरे पर भेजे गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचे हैं। यह दल वहां की उन्नत चुनावी प्रणाली का अध्ययन कर 22 मार्च को भारत वापस लौटेगा। इस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन, डिजिटल वोटिंग सिस्टम, पारदर्शिता और चुनाव प्रक्रिया में तकनीक के उपयोग से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देना है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारी दक्षिण कोरिया की उन्नत और तकनीक आधारित चुनावी व्यवस्था का गहन अध्ययन करेंगे तथा वहां की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं को समझेंगे। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय का इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण के लिए चयन टीकमगढ़ जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। प्रशासनिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव और ज्ञान का उपयोग भविष्य में भारत और मध्यप्रदेश में निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, आधुनिक और प्रभावी बनाने में किया जा सकेगा। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। इसे प्रशासनिक अनुभवों के आदान-प्रदान और नई तकनीकों को समझने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार यह दौरा मध्यप्रदेश और दक्षिण कोरिया के बीच तकनीक आधारित निर्वाचन सुधारों और प्रशासनिक सहयोग की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम साबित होगा।

### शून्य बैलेन्स होने पर अपने आप बिजली कट जाएगी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. लखनऊ ने प्रदेश में 13 मार्च से नई व्यवस्था लागू कर दी है। स्मार्ट प्री-पेड व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो जायेगी। इस दौरान प्री-पेड उपभोक्ताओं के खाते में बैलेन्स शून्य हुआ, तो बिजली अपने आप कट जायेगी। प्रदेश में प्री-पेड मीटर लगाए जाने का काम तेजी से चल रहा है। 13 मार्च के बाद यदि प्री-पेड स्मार्ट मीटर में उपभोक्ता के खाते में बैलेन्स खत्म होता है, तो उसकी बिजली स्वतः ही कट जाएगी। इस सम्बन्ध में उपभोक्ताओं को अलर्ट मैसेज भी भेजे जा रहे हैं ।

# एकमात्र हैंडपंप भी बंद, बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

गर्मी का दौर प्रारंभ होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी का संकट पुनः गहराने लगा है। लेकिन इस संकट की वजह अधिकांशतः पीएचई विभाग की लापरवाही, उदासीन कार्यप्रणाली बन रही है। जिले की मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपीथा के ग्राम बिहारीपुरा में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव का एकमात्र हैंडपंप पिछले एक महीने से खराब पड़ा हुआ है, लेकिन इसके बावजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी अब तक मरम्मत कराने नहीं पहुंचे हैं।

**विभाग की लापरवाही का खामियाजा भोग रहे बिहारीपुरा ग्रामीणजन**

हैंडपंप बंद होने के कारण ग्रामीणों को मजबूरी में दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें रोजाना कई बार लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि हैंडपंप खराब होने की जानकारी कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई कर्मचारी मरम्मत के लिए नहीं पहुंचा। इससे विभाग की कार्यप्रणाली और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पीने के पानी का कोई अन्य वैकल्पिक साधन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में गांव का एकमात्र हैंडपंप भी बंद होने से पूरे गांव में पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इसके बावजूद पीएचई विभाग द्वारा वरती जा रही उदासीनता का खामियाजा अब ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। बही दूसरी ओर मालपीथा पंचायत की सरपंच मोहिनी प्रमोद मिश्रा ने भी पीएचई विभाग की उदासीनता उजागर करते हुए बताया कि आसपास की एक दर्जन से अधिक पंचायतो में खराब हेंडपंपो को दुरुस्त करने के लिये मात्र एक कर्मचारी रखा गया है। साथ ही पाईप की कमी का रोना भी पीएचई विभाग हमेशा रोता रहता है। जिसकी बजह से पानी के लिये जनता परेशान हो रही है। कई वार मौखिक व लिखित रूप से सूचित करने के बाबजूद पीएचई विभाग द्वारा ग्राम विहारीपुरा के एकमात्र खराब हेंडपंप को ठीक नहीं कराया जा रहा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल हैंडपंप की मरम्मत कराई जाए और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

### इनका कहना है...

इस संबंध में हमारे पास कोई जानकारी नहीं आई है। लेकिन आपसे जानकारी मिली है तो मैं सोमवार को संबंधित कर्मचारी से हैंडपंप को दुरुस्त करवाने के निर्देश देता हूं।

**अनिल लगरखा, अधिकारी पीएचई विभाग टीकमगढ़**

### मऊघाट में 5 एकड़ गेहूं की फसल राख, बिजली विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल

# बिजली लाइन से उठी चिंगारी ने निगली किसानों की मेहनत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पहले मौसम की मार, फिर सरकारी बीज का धोखा और अब विद्युत विभाग की लापरवाही की वजह से जिले के किसान आर्थिक गर्त में धंसते जा रहे हैं। जिले के मऊघाट गांव में रविवार को खड़ी गेहूं की फसल में भीषण आग लगने से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन से उठी चिंगारी के कारण यह हादसा हुआ। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते करीब 5 एकड़ में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पीड़ित किसान पुनिया बाई ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे अचानक बिजली के तारों से चिंगारी गिरी, जिसके बाद गेहूं की खड़ी फसल ने आग पकड़ ली। तेज हवा के कारण आग कुछ ही मिनटों में आसपास के खेतों तक फैल गई और किसानों की महीनों की मेहनत आग की लपटों में समा गई। इस भीषण आगजनी में किसान सीताराम, पुनिया बाई, हरिराम कुशवाहा, खुमान कुशवाहा और बाबूलाल अहिरवार के खेतों में लगी फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। आग बुझने के बाद खेतों में केवल राख ही दिखाई दे रही थी, जिससे किसानों का बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगते ही किसानों और ग्रामीणों ने खुद ही आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी और तत्काल पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। करीब आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना के दौरान एक बेहद भावुक दृश्य भी सामने आया, जब किसान पुनिया बाई अपनी जली हुई फसल देखकर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी से लिपटकर रोने लगीं। यह दृश्य देखकर आसपास मौजूद लोग भी भावुक हो उठे। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने तहसीलदार को मौके पर पहुंचकर जांच करने और प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने आश्वासन दिया है कि सरकारी नियमों के तहत प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस घटना के बाद ग्रामीणों का कहना है कि यदि बिजली लाइनों का समय-समय पर रखरखाव किया जाता, तो शायद किसानों की मेहनत यूं आग में नहीं जलती।

# कड़ी मेहनत, सकारात्मकता व दृढ़ संकल्प से मिलेगी बड़ी सफलता

### डीआईजी ने दिशा लर्निंग सेंटर का किया निरीक्षण, देहात थाने में आरओ संयंत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




पुलिस उप महानिरीक्षक विजय खत्री ने जिला प्रवास के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के साथ पुलिस लाइन परिसर में संचालित दिशा लर्निंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेंटर की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। निरीक्षण के दौरान डीआईजी खत्री ने लर्निंग सेंटर में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों और सुविधाओं की सराहना की।

डीआईजी खत्री ने दिशा लर्निंग सेंटर में शांत और सुरक्षित अध्ययन वातावरण, व्यवस्थित बैठने की व्यवस्था, निःशुल्क वाई-फाई, दैनिक समाचार पत्र, विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों की उपलब्धता को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। डीआईजी खत्री ने विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर अध्ययन की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी विद्यार्थी अपने जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बताया कि दिशा लर्निंग सेंटर में विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर निरीक्षण एवं आवश्यक सुधार किए जाते हैं। उनका उद्देश्य युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सकारात्मक और प्रेरणादायी मंच प्रदान करना है।

### देहात थाने में आरओ पेयजल संयंत्र का शुभारंभ

जिला प्रवास के दौरान डीआईजी विजय खत्री ने थाना देहात परिसर में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थापित किए गए आरओ शुद्ध पेयजल संयंत्र का शुभारंभ भी किया। गर्मी के मौसम को देखते हुए यह व्यवस्था थाना आने वाले नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। इसके साथ ही थाना परिसर में आने वाले लोगों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था का भी शुभारंभ किया गया, जिससे आमजन को बेहतर सुविधा और सहज वातावरण मिल सके। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने डीआईजी खत्री को पुलिस द्वारा किए जा रहे विभिन्न नवाचारों और जनहितकारी पहलों की जानकारी दी। इस अवसर पर इन उपलब्धियों से संबंधित एक पुस्तक भी उन्हें भेंट की गई।

### एसपी मंडलोई की त्वरित कार्रवाई के चलते नाला के पास मिला बालक

# 3 घंटे में ही खोज लिया पुलिस ने गुमशुदा बालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय दिया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत चौकी मजना पुलिस ने गुमशुदा हुए एक 10 वर्षीय बालक को महज़ तीन घंटे के भीतर सुरक्षित खोजकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना देहात अंतर्गत चौकी मजना क्षेत्र के ग्राम मजना निवासी लगभग 10 वर्षीय बालक अचानक घर से कहीं चला गया था। परिजनों द्वारा इसकी सूचना चौकी मजना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मजना चौकी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बालक की तलाश शुरू कर दी। चौकी प्रभारी मजना बीना विश्वकर्मा ने पुलिस स्टाफ के साथ क्षेत्र के संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में लगातार तलाश अभियान चलाते हुए हर संभावित स्थान की जांच की। त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस को शीघ्र ही सफलता भी मिली और गुमशुदा बालक को सिंह बाबा नाला के पास स्थित मजना हार क्षेत्र से सकुशल खोज लिया गया। इसके बाद बालक को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बालक शीघ्र ही सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। टीकमगढ़ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति सदैव सतर्क रहें। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे या कोई बच्चा गुम हो जाए तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या आपातकालीन सेवा पर सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### हरियाली का संकल्परूपी मां की बगिया की डीआईजी ने की सराहना

# भीषण गर्मी में भी हरी भरी बगिया है पर्यावरण संरक्षण की प्रेरक पहल: खत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस उप महानिरीक्षक विजय खत्री ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के साथ पुलिस लाइन परिसर स्थित माँ की बगिया में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने परिसर में चल रहे हरित अभियान का अवलोकन किया और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान डीआईजी खत्री ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते तापमान, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के दौर में वृक्षारोपण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। यदि समाज सामूहिक रूप से छोटे-छोटे प्रयास करता रहे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़े सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं।



डीआईजी खत्री ने पुलिस अधीक्षक मंडलोई के मार्गदर्शन में संचालित माँ की बगिया को सराहनीय और अनुकरणीय पहल बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात की प्रशंसा की कि लगभग 47 डिग्री की भीषण गर्मी में भी पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित किया गया, जो पर्यावरण के प्रति पुलिस विभाग की गंभीरता को दर्शाता है। पुलिस लाइन परिसर में जल संरक्षण की भी प्रभावी व्यवस्था की गई है। पुलिस आवासीय क्षेत्र से निकलने वाले अपशिष्ट जल को शुद्ध कर पौधों की सिंचाई में उपयोग किया जा रहा है, जिससे जल संसाधनों के संरक्षण का सकारात्मक संदेश भी समाज तक पहुंच रहा है। इसके साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए परिसर में समुचित बाड़बंदी की व्यवस्था की गई है, ताकि पशुओं से होने वाले नुकसान को रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक मंडलोई समय-समय पर माँ की बगिया का निरीक्षण कर पौधों के संरक्षण एवं विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी देते हैं। पुलिस अधीक्षक मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस लाइन परिसर में अब तक 10 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। इन पौधों के संरक्षण, संवर्धन और नियमित देखरेख की समुचित व्यवस्था की गई है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति पुलिस विभाग की सकारात्मक सोच और जागरूकता को दर्शाती है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण की यह मुहिम निरंतर आगे बढ़ती रहे। इस अवसर पर एएसपी विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, एसडीओपी अभिषेक गौतम, कनक सिंह चौहान, कैलाश पटेल तथा कोतवाली प्रभारी रविभूषण पाठक सहित पुलिस लाइन और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आज नगरपालिका परिसर में परिषद की बैठक को लेकर हंगामे की संभावना

# सीएमओ ने भेजी स्थगन की सूचना पार्षद बोले, यह बैठक होकर रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




नगर पालिका परिषद की सोमवार को आयोजित होने वाली बैठक के स्थगित करने की पूर्व आशंका तब सच साबित हुई जब सीएमओ आरआर यादव ने देर शाम पार्षदों के मोबाइल पर बैठक स्थगित करने की सूचना भेजी। अब बैठक को लेकर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है, सीएमओ जहां बैठक को स्थगित होना बता रहे हैं वहीं पार्षद नियत समय पर बैठक आयोजित करने पर अड़े हुए हैं। हालांकि सीएमओ और पार्षदों के बीच इस विवाद के बाद बैठक आयोजित की जा सकती है या नहीं फिलहाल कानून के जानकार भी इस मामले में असमंजस की स्थिति में हैं, लेकिन सोमवार को बैठक के नाम पर हंगामा होना तो निश्चित है।

सीएमओ यादव ने एक सप्ताह पूर्व परिषद की बैठक का एक एजेंडा जारी किया था जिसमें विभिन्न निर्माण कार्यों के साथ-साथ बजट को पास करने का प्रमुख बिंदु भी शामिल था आने वाले साल में नगर पालिका क्या विकास कार्य करायगी पैसा कहां से आएगा आए के स्त्रोत क्या रहेंगे और पैसा कहां लगाया जाएगा इसका लेखा जोखा तैयार कर लिया गया था समझा जा रहा था कि 16 मार्च को होने वाली इस बैठक में नगर विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं को सहमति देने के साथ-साथ बजट को भी स्वीकृति दे दी जाएगी लेकिन यह कयास तब निर्मूल साबित हुए तब शनिवार की शाम सीएमओ ने सभी पार्षदों के मोबाइल पर 16 मार्च को आयोजित होने वाली बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित करने की सूचना डाल दी। इस सूचना को डाले जाने के बाद कुछ पार्षद सीएमओ के खिलाफ मुखर हो गए हैं और वह हर हाल में परिषद की बैठक आयोजित करने पर पड़े हैं। ऐसी स्थिति में जबकि एक बार एजेंडा जारी हो चुका है, पार्षद बैठक कराना चाहते हैं और अध्यक्ष को इस मामले में हस्तक्षेप के अधिकार नहीं है तो फिर सीएमओ किसके आदेश से बैठक स्थगित कर सकते हैं या पार्षदों द्वारा पूर्व में मिले एजेंडे के तहत बैठक आयोजित की जाती है तो क्या वह संवैधानिक प्रक्रिया के तहत होना मानी जाएगी, क्या बैठक को रोकने के अधिकार सीएमओ को हैं?।

### पार्षद अड़े बैठक कराने पर

*उधर पार्षद सीएमओ के बैठक स्थगित करने के निर्देश को मानने को तैयार नहीं दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों की माने तो आधे से अधिक पार्षद सीएमओ के निर्देश को दरकिनार कर बैठक करने पर आमादा हैं और वह नियत समय पर नगर पालिका में पहुंचकर परिषद की बैठक करेंगे और इस बैठक को विधिवत संवैधानिक दर्जा दिया जाए इसलिए उस रजिस्टर में भी इंद्राज करेंगे जिसकी फोटो कॉपी कर शासन को भेजी जाती है अब देखते हैं कि सीएमओ उन्हें वह रजिस्टर एवं दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं या नहीं जो बैठक में कराए जाते हैं पर अगर पार्षदों को बैठक करने से रोका गया तो भी हंगामा होना तय हैं।*

### उपाध्यक्ष को बैठक बुलाने के अधिकार पर...

नगरपालिका अधिनियम धारा 56/55 के तहत उपाध्यक्ष परिषद की बैठक बुलाने अधिकार दिए गए हैं। लेकिन उपाध्यक्ष को यह अधिकार विशेष परिस्थितियों में ही हैं सामान्य परिस्थिति में नहीं।नगरपालिका अधिनियम (विभिन्न राज्यों के संदर्भ में, विशेषकर म.प्र. संदर्भ में) की धारा 56/55 के तहत परिषद की बैठक बुलाने का मुख्य प्रावधान यह है कि अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष, नगरपालिका के सामान्य कामकाज के लिए समय-समय पर, लेकिन महीने में कम से कम एक बार बैठक बुलाएंगे। यदि अध्यक्ष बैठक बुलाने में विफल रहते हैं, तो विशेष प्रावधानों के तहत बैठक बुलाई जा सकती है। और इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष के बजाय उपाध्यक्ष से कराई जा सकती है। पर यह अधिकार सामान्य बैठक के लिए हैं लेकिन जो बैठक आयोजित की गई है वह बजट जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर आयोजित होनी है इसलिए यह सामान्य नहीं विशेष बैठक हो चुकी है लेकिन इसमें ट्विस्ट यह भी है कि अध्यक्ष रेनू राठौर पॉवर लेस हैं इसलिए वह बैठक स्थगित करने के निर्देश सीएमओ को नहीं दे सकती हैं, ऐसी स्थिति में नपा उपाध्यक्ष इस बैठक आयोजित कराने के लिए अधिकृत माने जाने चाहिए।

### इनका कहना है...

16 मार्च को आयोजित होने वाली बैठक किन्हीं कारणों से स्थगित कर दी गई है आगामी बैठक के लिए फिर दोबारा से एजेंडा निकाला जाएगा।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

यह बैठक उपाध्यक्ष को मिले विशेष अधिकार के तहत बुलाई गई है और इस बैठक की अध्यक्षता भी उपाध्यक्ष को ही करनी है सभी पार्षद नियत समय पर नगर पालिका पहुंचकर बैठक आयोजित करेंगे मोबाइल पर सीएमओ ने क्या सूचना डाली है यह कोई मायने नहीं रखता परिषद की बैठक होकर रहेगी।

**सलाउद्दीन बेलिम**
**नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका परिषद श्योपुर**

## क्रिकेट मैच के आयोजन के साथ गौतम जयंती महोत्सव शुरू

# युवाओं में टीम भावना और आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं खेल प्रतियोगिताएं: भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



न्याय शास्त्र प्रणेता एवं गौतम (गुर्जर गौड़) ब्राह्मण समाज के आराध्य महर्षि गौतम जी के जयंती महोत्सव की शुरूआत रविवार को क्रिकेट मैच के आयोजन किए जाने के साथ हो गई है। रविवार की सुबह नव युवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट मैच यहां स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित हुआ। इस मौके पर डीपीसी भूपेन्द्र कुमार शर्मा मुख्य अतिथि और गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर के अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीसी भूपेन्द्र कुमार शर्मा ने पहले विधिवत रूप से महर्षि गौतम जी का पूजन किया। इसके बाद फीताकाटकर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि भूपेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं। इसके साथही खेल प्रतिभाओ को आगे बढने का अवसर भी मिलता है। समाज की खेल प्रतिभाए अपनी खेल प्रतिभा में निखार लाते हुए समाज और श्योपुर जिले का नाम रोशन करने की दिशा में अपने कदम बढाए। उन्होने समाज के युवाओ को हर संभव सहयोग प्रदान करने का भरोसा भी दिया। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### बरसाना टीम को हराकर गोकुल टीम विजेता बनी

स्टेडियम ग्राउंड पर समाज के युवाओं की दो टीमों के बीच 10-10 ओवर का क्रिकेट मैच खेला गया। एक टीम को गोकुल टीम और दूसरी को बरसाना टीम नाम दिया गया। टॉस गोकुल टीम ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर मे 8 विकेट खोकर 94 रन बनाए। जिसके जबाव खेलने के लिए मैदान में उतरी बरसाना टीम निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 53 रन ही बना सकी। ऐसे में गोकुल टीम को विजेता और बरसाना टीम को उप विजेता घोषित किया गया।गौतम समाज नवयुवक मंडल अध्यक्ष हरित गौतम ने बताया कि विजेता और उप विजेता बनी टीमो के खिलाडियों को 18 मार्च को गौतम धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार करने ज्ञापन

# कलेक्टर ने की 100 फीसदी मूल्यवृद्धि लोग बोले रहम करो माई बाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



12 मार्च को कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में शहरी सीमा से सटी लोकेशनों में 100 प्रतिशत वृद्धि करने के लिए गए फैसले को जनहित विरोधी बताते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हुए शहर के प्रबुद्ध जनों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन जिला रजिस्ट्रार अधिकारी को सौंपा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिन लोकेशन की 100 फीसद वृद्धि की गई है वो ग्रामीण लोकेशन है और वहां पर पूर्व से ही अत्यधिक रेट है तथा पिछले वर्ष भी 100 प्रतिशत दर की वृद्धि की गई थी। इतनी अधिक वृद्धि वहां निवासरत अत्यन्त निम्न ग्रामीण वर्ग के गरीब व्यक्तियों के लिए संभव नहीं है जो वहां प्लाट खरीदते है जिनकी सरकारी कीमत 2 लाख रूपये से 5.6 लाख रूपये तक रहती है। पूर्व से ही रजिस्ट्री खर्चा लाखो में आता है। जिसकी वजह से निम्न वर्ग के गरीब लोगों पर पूर्व से ही अत्यधिक भार है जिन गरीब व्यक्तियो के पास मकान नहीं है उनके लिये पूर्व से ही प्लाट क्रय करना एंव उनकी रजिस्ट्री कराना बहुत कठिन है तथा शहर से सटी हुई ग्रामीण लोकेशनों पर किसी भी तरह की शासन प्रशासन की कोई व्यवस्थाए नही है। और वर्तमान मे कोई विकास कार्य और डब्लपमेंट नहीं है। जिस कारण वहां भविष्य में भी प्लाटो की रेट बढ़ने की सम्भावना नहीं है। यह कि अगर उक्त लोकेशनों पर दोबारा 100 प्रतिशत दर की वृद्धि की जाती है तो प्लाटो के कय विक्रय रूक जायेगा तथा पंजीयन पर भी असर पड़ेगा तथा श्योपुर क्षेत्र के विकास पर भी फरक पड़ेगा। ज्ञापन में जनहित को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त लोकेशनों पर 100 प्रतिशत की वृद्धि पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

# 19 से शुरू होगा विराट वाजपेयी बृहस्पति महासोमयज्ञ, भूमि पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर श्योपुर में केंद्रीय विद्यालय बायपास रोड पर 19 मार्च से विराट वाजपेयी बृहस्पति महासोमयज्ञ एवं विष्णु गोपाल महायज्ञ शुरू होगा। जो 24 मार्च तक चलेगा। इस कार्यक्रम को लेकर रविवार को विधिविधान पूर्वक भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन के दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी व श्रद्धालु बडी संख्या में मौजूद थे।

## समाजवादियों ने कांशीराम की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



समाजवादी पार्टी की श्योपुर जिला इकाई ने रविवार को काशीराम की जयंती मनाई। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित जयंती कार्यक्रम के दौरान पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने कांशीराम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके जीवन के संघर्षों पर प्रकाश डाला। पार्टी जिलाध्यक्ष सरदार मुख्तयार सिंह ने कहा कि कांशीराम शोषित तो वंचितों के मसीहा थे उन्होंने सदैव दबे कुचले लोगों की पैरवी की। इसी कड़ी में विधानसभा अध्यक्ष देवी शंकर गुर्जर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा काशीराम जी की सोच पर देश के हर नागरिक को पहरा देने की आवश्यकता है उन्होंने समानता और भाईचारे का पैगाम दिया

### जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैंप आज ओछापुरा में

श्योपुर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा माननीय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी हाईकोर्ट मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में 18 साल तक की आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में शासकीय हाईस्कूल ओछापुरा में 16 मार्च को कैम्प का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प 16 मार्च को शासकीय हाईस्कूल ओछापुरा में आयोजित किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद ने निर्देश दिये है कि उक्त स्क्रीनिंग कैम्प में स्वास्थ्य विभाग मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सक शिविर स्थल पर पहुंचकर दिव्यांगता का परीक्षण करेंगे और दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करेंगे। शिविर में शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण किया जायेगा, इसमें महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण आदि के द्वारा सहयोग प्रदान किया जायेगा।

### सडक सुरक्षा समिति की बैठक आज

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में सडक सुरक्षा समिति की बैठक 16 मार्च को दोपहर 02 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग पुष्कल प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक में गुड सेमेरिटन एवं हिट एण्ड रन प्रतिकर योजना, जिले में चिन्हित ब्लैक स्पोट के सुधार, 45 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वाहन चालको के नेत्र परीक्षण हेतु शिविरों के आयोजन आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### न्यायालय कर्मचारी को पीटा,मां बेटी पर एफआईआर

श्योपुर। श्योपुर न्यायालय के एक कर्मचारी की एक मां बेटी ने उस समय मारपीट कर दी,जब वह न्यायालय की ओर से जारी नोटिस को तामील कराने के लिए उनके यहां गया था। यह मामला बडौदा थाना क्षेत्र के गांव रतोदन का है। इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने मारपीट और शासकीय कार्य में व्यवधान डालने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बडौदा पुलिस ने बताया कि श्योपुर न्यायालय के कर्मचारी धर्मराज धूलिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह न्यायालय से जारी नोटिस की तामील कराने के लिए रतोदन पहुंचा था,जहां महिला जशोदा रजक और उसकी बेटी सासू रजक के द्वारा गाली गलौच और शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करते हुए मारपीट कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने न्यायालय कर्मचारी धर्मराज धूलिया की रिपोर्ट पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## करा‍हल थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस जांच में जुटी

# एक दिन पहले घर से गायब नव विवाहिता की दूसरे दिन जंगल में फांसी पर लटकी लाश मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कराहल थाना क्षेत्र के गांव उदमपुर में एक 20 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। नव विवाहिता महिला एक दिन पहले शाम के समय घर से लापता हो गई थी। दूसरे दिन जंगल में नव विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। विशेष बात यह है कि फांसी पर लटकी मिली नव विवाहिता के पैर घुटने तक जमीन पर टिके हुए थे। जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। उधर मायके पक्ष के लोगों ने हत्या किए जाने के बाद नव विवाहिता को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। फिलहाल कराहल थाना पुलिस ने जिला अस्पताल में पैनल के जरिए नव विवाहिता का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग दर्ज कर लिया है। अब मामले की जांच एसडीओपी बडौदा के द्वारा की जाएगी।

जानकारी के अनुसार नव विवाहिता रामदुलारी (20 वर्ष) पत्नी शिमला कुशवाह निवासी उदमपुर शनिवार शाम घर से बिना बताए चुपचाप निकल गई थी। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी लाश शुरू की। लेकिन रातभर महिला का कोई अता पता नहीं चला।दूसरे दिन रविवार की सुबह गांव के कुछ लोग जब किसी काम से गांव से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल की तरफ जा रहे थे, तभी उन्हें वहां एक पेड से रामदुलारी का शव फांसी के फंदे पर लटका दिखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत गांव में सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कराहल यासमीन खान और नायब तहसीलदार नरेंद्र जैन मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### मायके पक्ष का आरोप हत्या कर फांसी पर लटकाया

जंगल में फांसी के फंदे पर लटकी मिली नव विवाहिता के पैर घुटनों तक जमीन पर टिके हुए साफ नजर आ रहे थे, जो इस मामले को और भी संदिग्ध बना रहे है। क्योंकि खुद फांसी लगाने वाले व्यक्ति के इस तरह पैर जमीन पर टिकना संभव नहीं है। इस मामले में नव विवाहिता के मायके पक्ष के लोग भी आरोप लगा रहे है कि रामदुलारी इस तरह फांसी लगाकर आत्महत्या नहीं कर सकती। घटना स्थल पर निर्मित स्थिति भी साफ बता रही है कि हत्या करने के बाद उसे फांसी पर लटकाया गया है।

### एक साल पहले हुआ था गौना

बताया गया है कि नव विवाहिता रामदुलारी की शादी करीब तीन वर्ष पहले हुई थी, लेकिन उसका गोना लगभग एक वर्ष पहले हुआ था। अभी तक दंपती के कोई बच्चे नहीं थे। परिजनों के अनुसार वह अक्सर मायके और ससुराल के बीच आती-जाती रहती थी। थाना प्रभारी यासमीन खान ने बताया कि महिला होली के मौके पर अपने मायके गई हुई थी और कुछ दिन पहले ही वापस ससुराल लौटी थी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### इनका कहना है

नव विवाहिता की मौत का मामला संदिग्ध है। पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही उसकी मौत की स्थिति साफ होगी। फिलहाल मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

**अवनीत शर्मा**
**एसडीओपी,बडौदा**

## जल गंगा संवर्धन का शुभारंभ 19 से, प्रभारी मंत्री ने तैयारियों की समीक्षा की

# जनभागीदारी और जन सहमति से हो जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्य: शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




जल गंगा संवर्धन औपचारिक बनकर न रह जाए इसमें आम जन की सहमति और भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि किए गए काम टिकाऊ रहे और इसके दूरगामी परिणाम सामने आए। इस काम में जनप्रतिनिधियों स्वयंसेवियों व आमजन से भी सहभागिता कराई जाए। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही।

अभियान की समीक्षा करने पहुंचे प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बताया कि पिछले वर्षों (2024, 2025) की सफलता के बाद 1567 कार्य बाकी रह गए थे जिन्हें प्राथमिकता के साथ इस वर्ष 19 मार्च से शुरू होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल किया गया है। इन कामों में जल संरक्षण से जुड़े कार्य अधिक हैं जिनमें स्टॉप डैम बनाकर छोटी बड़ी नदियों का पानी संग्रहित करने, नदी तालाब कुएं का गहरी करण करने आदि कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। ताकि जल संग्रहण की क्षमता को बढ़ाया जा सके। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इन कामों में जनप्रतिनिधि खासकर सरपंच की सहमति भी ली जाए उनसे पूछा जाए कि उनके क्षेत्र में ऐसी क्या संभावना है जिनके माध्यम से जल संरक्षण और ऐसे विकास जिनका लाभ आम जन को दूरगामी हो। उन्होंने कहा कि अभियान में ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित कर सरपंचों से उनके सुझाव जाने दूसरे जनप्रतिनिधियों से भी सलाह करें, परामर्श ले स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिसोदिया, अशोक गर्ग, डॉ गोपाल आचार्य, कूनो डीएफओ आर थ्री कुलर, जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद, एडीएम रूपेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

मध्य प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च 2026 (गुड़ी पड़वा) से शुरू होकर गंगा दशमी तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह अभियान नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों के पुनरुद्धार के लिए 3 महीने तक चलने वाला एक जन-आंदोलन है, जिसका उद्देश्य जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण करना है। अभियान को एक 'जन आंदोलन' का रूप दिया जा रहा है, जिसमें स्थानीय निवासी, स्वयंसेवी संस्थाएं और अधिकारी मिलकर काम करेंगे।चेकडैम निर्माण, वृक्षारोपण, अतिक्रमण हटाना और जल संरचनाओं को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करना। 16 से अधिक विभाग मिलकर इस अभियान को सफल बनाने के लिए काम करेंगे।

### रामेश्वर त्रिवेणी धाम पर मंदिरों का जीर्णोद्धार होगा

प्रभारी मंत्री ने जेनी मानपुर स्थित त्रिवेणी धाम पर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए बनाई गई रूप रेखा पर चर्चा की इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंदिरों का जीर्णोद्धार जनभागीदारी से हो और जीर्णोद्धार इस तरह से होना चाहिए कि यह स्थल धार्मिक रूप से तो प्रसिद्ध है ही साथ ही पर्यटक स्थल के रूप में इसकी प्रसिद्धि हो जो लोग चंबल सफारी के लिए यहां से गुजरे हुए इस पर्यटक तीर्थ स्थल पर जरूर दर्शनों को भी आए इस दौरान उन्होंने नदी के उस पार स्थित राजस्थान की सीमा में भगवान चतुर्भुज नाथ मंदिर तक पांटून पुल की मांग पर विचार करने का आश्वासन देते हुए कहा कि वह इस तीर्थ स्थल की महत्ता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष इस मांग को रखेंगे।

### शोक संवेदना व्यक्त करने बड़ौदा पहुंचे

प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक स्व कमल शर्मा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए बडौदा भी पहुंचे। स्व कमल शर्मा के घर पहुंचे प्रभारी मंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनो को ढांढस बधाया।

### उधार दिए पनीर के पैसे मांगने पर मारपीट,तीन पर एफआईआर

श्योपुर। उधार दिए पनीर के पैसे मांगने के लिए पहुंचे डेयरी संचालक और उसके भांजे की होटल संचालक समेत तीन लोगो ने मिलकर मारपीट कर दी। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मारपीट करने वाले तीन लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।कोतवाली पुलिस ने बताया कि शहर के वार्ड क्रमांक 16 श्रीरामकॉलोनी निवासी रामभरत मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दूध डेयरी और किराने की दुकान का संचालन करता है। उसे 7 माह पहले पाली रोड पर संचालित एक होटल संचालक को पनीर बेचा था। जिसके पैसे होटल संचालक ने कई बार मांगने के बाद भी अभी तक नहीं लौटाए। रविवार को रामभरत और उसका भांजा विकास मीणा पाली रोड स्थित महाकाल होटल पर पहुंचा और होटल संचालक से पनीर के पैसे मांगे। पैसे मांगने पर होटल संचालक सहित तीन लोगो ने उनकी गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी।मारपीट के दौरान उन्हें चोट आई है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने रामभरत मीणा की रिपोर्ट पर होटल संचालक दिनेश बाथम, उसके लडके तथा उसके होटल के एक कर्मचारी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

